# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा / 2025–26 /

दिनांकः

## राजस्थान विश्वविद्यालय परीक्षा–2026 (वार्षिक पद्धति) एवं सेमेस्टर पद्धति के परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय विज्ञप्ति क्रमांकः परीक्षा / 2025–26 / 277 दिनांक 23.12.2025, क्रमांकः 638 दिनांक 05.01.2026, क्रमांकः 651 दिनांक 05.01.2026, क्रमांकः 471 दिनांक 12.01.2026 क्रमांकः 956 दिनांक 22.01.2026 एवं क्रमांकः 1052 दिनांक 27.01.2026 के तहत नियमित / पूर्व विद्यार्थियों एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के वार्षिक पद्धति तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रथम सेमेस्टर (बकाया), तृतीय सेमेस्टर एवं पंचम सेमेस्टर के नियमित परीक्षार्थी एवं प्रथम (बकाया), द्वितीय (बकाया), तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं षष्ठम् सेमेस्टर के स्वयंपाठी (Non-Collegiate) परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म **वेबसाईट** www.univraj.org एवं https://erp.univraj.org पर ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु **अंतिम अवसर प्रदान करते हुये** तिथियाँ निम्नानुसार बढ़ायी जाती हैः–

**वार्षिक पद्धति**

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम | विलम्ब शुल्क रू. 100 सहित | विलम्ब शुल्क रू. 500 सहित | विलम्ब शुल्क परीक्षा शुल्क के बराबर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.कॉम पार्ट– II एवं III (पास / ऑनर्स) व स्नातकोत्तर (वार्षिक पद्धति), उत्तरार्द्ध (समस्त नियमित, पूर्व छात्र व स्वयंपाठी परीक्षार्थी) | 01.02.2026 से 05.02.2026 तक | 06.02.2026 से 08.02.2026 तक | 09.02.2026 से 10.02.2026 तक |
| 2 | बी.एस.सी. (होम साईंस, बायोटेक), बी.सी.ए., बी.बी.ए. (वार्षिक पद्धति), बी.पी.ए. / विज्यूअल आर्टस् / बी.म्यूजिक / बी.डिजाईन, बी.ए. (डीफ एण्ड डम्ब) पार्ट– II एवं III (समस्त नियमित एवं पूर्व छात्र) | | | |
| 3 | बी.एड. प्रथम के पूर्वछात्र एवं द्वितीय वर्ष के नियमित एवं पूर्वछात्र, बी.एस.सी. बी.एड. / बी.ए. बी.एड. पार्ट–I/II/III/IV (नियमित एवं पूर्व विद्यार्थी) | | | |

**सेमेस्टर प्रणाली**

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम | सामान्य शुल्क से तिथि | विलम्ब शुल्क रू. 100 / – सहित | विलम्ब शुल्क रू. 500 / – सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Three/Four Year Bachelor of Arts/Science/ Commerce/ B.SC. Bio-Tech./B.Sc. Home Scince/ Bachelor of Computer Application/ Bachelor of Business Administration/ Bachelor of Performing Arts/ Bachelor of Visual Arts (B.A., B.Sc., B.Com., B.Sc. Bio-Tech., B.Sc. Home Science, B.C.A., B.B.A., B.P.A. and B.V.A) प्रथम सेमेस्टर (बकाया), तृतीय सेमेस्टर एवं पंचम सेमेस्टर के नियमित परीक्षार्थी | 01.02.2026 से 05.02.2026 तक | 06.02.2026 से 08.02.2026 तक | 09.02.2026 से 10.02.2026 तक |
| 2 | Three/Four Year Bachelor of Arts/Science/ Commerce (B.A., B.Sc., B.Com.) प्रथम / द्वितीय (बकाया), तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं छठे सेमेस्टर के स्वयंपाठी (Non-Collegiate or Private) परीक्षार्थी | | | |

**यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।**

नोटः
1. आवश्यक दिशा–निर्देश का विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अवलोकन करें।
2. सर्वर डाउन की समस्या से बचने के लिए, आवेदन की अंतिम तिथि का इन्तजार नहीं करें।
3. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने में आ रही तकनीकी समस्याओं के निवारण हेतु हेल्प लाईन नम्बर 7726953531, 7688828545 अथवा टोल फ्री नम्बर 18001806433 एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर 9372505528 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
4. परीक्षा संबंधी अन्य समस्त सूचनाओं हेतु वेबसाईट www.uniraj.ac.in, https://erp.univraj.org एवं www.univraj.org का निरन्तर अवलोकन करें।
5. परीक्षार्थी अपनी योग्यता की जांच स्वयं के दस्तावेज के अनुसार करें, अयोग्य परीक्षार्थियों का जमा कराया गया परीक्षा शुल्क लौटाया नहीं जायेगा।
6. **नियमित एवं स्वयंपाठी NEP सेमेस्टर प्रणाली (सेमेस्टर प्रथम (बकाया), तृतीय एवं पंचम) की परीक्षाऐं फरवरी माह के तृतीय सप्ताह से प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।**

Sd/-
परीक्षा नियंत्रक

कृ.पृ.उ.

क्रमांक : परीक्षा/2025–26/1218–1230 दिनांकः 31.1.2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. (अ) समस्त निदेशक, पी.जी. स्कूल्स एवं प्राचार्य, संघटक/सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि यह सुनिश्चित करें कि नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजों सहित विश्वविद्यालय जमा करवाने का श्रम करें। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण, दिशा–निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.uniraj.ac.in, https://erp.univraj.org www.univraj.org** पर उपलब्ध है। **विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय कोड़ आवश्यक रूप से अंकित करें।**

   (ब) पूर्व की भांति केवल स्वयंपाठी छात्रों हेतु ही उनके परीक्षा आवेदन पत्र का अग्रेषण का शुल्क रू. 8/– प्रति छात्र देय होगा, बिन्दु संख्या–1(अ) की पूर्ण पालना नहीं करने पर देय शुल्क राशि में से कटौती होगी।

2. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।

3. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि परीक्षा–2026 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconciliation करवाने का श्रम करें।

4. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के जयपुर एवं दौसा जिले में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर) में समाचार के रूप प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।

5. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई, बैंक, बापू नगर ब्रांच, विश्वविद्यालय केम्पस, जयपुर को भेजकर लेख है कि परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन माध्यम से जमा परीक्षा शुल्क का Real Time Integration प्रक्रिया अपनाते हुये उसकी जानकारी संबंधित परीक्षा फॉर्म भरवाने वाली कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित करें। यदि किसी परीक्षार्थी का भुगतान Real Time Integration प्रक्रिया में सफल ना होने पर तत्काल रिफंड करें जिससे परीक्षार्थी/विश्वविद्यालय फीस रिफंड हेतु अनावश्यक परेशान ना हो।

6. निजी सचिव, कुलगुरू/कुलसचिव/निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

7. समस्त उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग/शैक्षणिक –द्वितीय/ सेलर–।,।।/परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

8. संबंधित कम्प्यूटर फर्म को इस निर्देश के साथ की विज्ञप्ति में उल्लेखित किये गये समस्त पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म उक्तानुसार घोषित की गयी तिथियों में अनिवार्य रूप से जारी किया जाना सुनिश्चित करें।

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**